# कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी0ए0डी0 सर्किल, कोटा
Website : www.kotamc.org, Email : nnksouth@gmail.com,

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांकः– ननि (दक्षिण) को/उपा.रा./2025/7869-82 दिनांकः- 14/10/25

## –:: ई–निविदा सूचना ::–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा नगरीय परिवहन सेवा के बस स्टेण्ड (बस शेल्टरों एक समूह में) में चिन्हित (निर्धारित) स्थानों पर विज्ञापन प्रदर्शित हेतु संलग्न सूची अनुसार एक वर्ष 2025–26 (कार्यादेश से एक वर्ष तक) के लिये **2 Bid 2 Stage (पद्धति) के अनुसार ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया** द्वारा ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| अनुमानित राशि | निविदा में संलग्न सूची अनुसार वार्षिक राशि |
| निविदा शुल्क | संलग्न सूची अनुसार अलग–अलग निविदा शुल्क |
| धरोहर शुल्क | संलग्न सूची अनुसार प्रति साईट अलग–अलग |
| प्रोसेसिंग शुल्क | 500/– अलग–अलग प्रत्येक साईट प्रोसेसिंग शुल्क |
| ऑनलाईन निविदा अपलोड करने की दिनांक | 16.10.25 से 30.10.25 तक सांय 06.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा जमा कराने की दिनांक | 16.10.25 से 30.10.25 तक सांय 06.00 बजे तक |
| अपेक्षित डी0डी0 एवं दस्तावेज जमा कराने की दिनांक | 31.10.25 सांय 04.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा की तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | 3.11.25 सांय 03.00 बजे तक |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | तकनीकी बिड की प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत |

इस हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ऐजेन्सी निविदा प्रपत्र एवं शर्तें नगर निगम की वेब साईट **www.kotamc.org** एवं **http://sppp.rajasthan.gov.in** तथा **https://eproc.rajasthan.gov.in/** से देख एवं डाउनलोड कर सकते है। तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में निगम कार्यालय में देखी जा सकती है।

उपरोक्त कार्य के लिये निर्धारित निविदा शुल्क उनके सामने अंकित राशि का डी.डी. आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण के नाम तथा प्रोसेसिंग फीस का डी0डी0 "मैनेजिंग डायरेक्टर" आर0आई0एस0एल0 जयपुर के नाम निर्धारित दिनांक 31.10.25 को सांय 4.00 बजे तक अनुसार राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा दक्षिण के "ए" ब्लॉक में प्रथमतल पर कमरा नं0 238 में पहुंच जाना चाहिये। उक्त निविदा नियत तिथि को ऑनलाईन खोली जावेगी। स्वीकृत ठेका राशि पर 18% GST एंव किसी भी प्रकार का प्रचलित कर संवेदक स्वंय को वहन करना होगा।

उपायुक्त राजस्व
नगर निगम, कोटा (दक्षिण)

South Bus Shelter & Kiyosk Vigyapan Nivida 2025-26.24

क्रमांकः— ननि (दक्षिण) को / उपा.रा. / 2025 / 7865-82 दिनांकः— 14/10/25

प्रतिलिपि :—

1. श्रीमान् महापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
2. श्रीमान् उपमहापौर महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
3. श्रीमान् नेता प्रतिपक्ष महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
4. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, राजस्व कर वसूली समिति, नगर निगम कोटा दक्षिण।
5. आयुक्त महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
6. अति0 आयुक्त महोदय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
7. उपायुक्त प्रथम / द्वितीय, नगर निगम कोटा दक्षिण।
8. मुख्य लेखाधिकारी / लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण।
9. राजस्व अधिकारी / राजस्व निरीक्षक, नगर निगम कोटा दक्षिण।
10. **पुस्तकालयाध्यक्ष नगर निगम, कोटा दक्षिण को भेजकर लेख है कि उक्त निविदा सूचना तीन राज्य स्तरीय समाचार पत्र के संभाग स्तरीय संस्करण दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक नवज्योति में प्रकाशित करावें।**
11. प्रभारी, एनआईसी को भेजकर लेख है कि उक्त निविदा सूचना नगर निगम की वेबसाईट एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल पर डलवाने हेतु व्यवस्था करावें।
12. सम्बन्धित लिपिक......................................................................................................कोटा।
13. नोटिस बोर्ड / चस्पा।
14. गार्ड फाईल।

उपायुक्त राजस्व
नगर निगम, कोटा (दक्षिण)

# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

## –: तकनीकी बिड :–

1. कार्य का नामः– नगर निगम कोटा दक्षिण क्षेत्र में नगरीय परिवहन सेवा के स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित बस क्यू शेल्टर (BQS) में विज्ञापन प्रदर्शन कार्य
2. कार्य की अवधि :– कार्यादेश से एक वर्ष हेतु
3. निविदादाता का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज का फोटो बॉक्स में चस्पा करें।
4. निविदादाता स्वंय के स्थाई अंकित पते की स्वःप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करें। फोटो एवं स्थाई अंकित पते के पुष्टि स्वरूप नल, बिजली, टेलिफोन, मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस में से एक की स्वःहस्ताक्षरित प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।
5. आधार कार्ड एवं पेन कार्ड की स्वःहस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न करना आवश्यक होगा।
6. बैंक खाता पासबुक व कैंसिल चैक की सत्यप्रतिलिपि।
7. दो वर्षो 2022–23 व 2023–24 की आयकर रिटर्न स्व.प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करें।
8. व्यक्ति/कम्पनी/फर्म/संस्था/व्यक्ति के अधिकृत प्रतिनिधि का अधिकार पत्र (Power of Attorney) एवं आई0डी0 की स्वः प्रमाणित फोटो प्रति प्रस्तुत करें।
9. डी.डी. निविदादाता/फर्म/व्यक्ति के नाम से तैयार किया गया होना चाहिए अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जावेगा।
10. समस्त प्रकार की निविदा राशि का डी.डी. अलग–अलग प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. फर्म द्वारा इस आशय का 100/– शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि संस्था/फर्म/इच्छुक व्यक्ति पर नगर निगम कोटा दक्षिण राजस्व अनुभाग की कोई राशि बकाया नही है तथा नगर निगम कोटा दक्षिण के सदस्य/कार्मिक का प्रथम श्रेणी रक्त संबंधी नही होने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
12. राशि 100/– के स्टाम्प पर केन्द्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी निकायों/निगम/बोर्ड/सार्वजनिक उपक्रम का बकायादार एवं ब्लैक लिस्टेड नही होने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

नोट :– तकनीकी बिड में सफल संवेदक की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी। तकनीकी बिड में बिन्दु सं0 3 से 12 तक के दस्तावेज साफ पढने योग्य स्कैन करके ऑनलाईन प्रस्तुत करने पर ही तकनीकी बिड सफल मानी जावेगी अन्यथा बगैर किसी उज्र के निविदा से असफल मानकर बाहर कर दिया जावेगा।

हस्ताक्षर संवेदक

नामः– ..........................................................

पिता का नामः– ..........................................................

पूर्ण पताः– ..........................................................

..........................................................

मो0नं0 :–..........................................................

# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज0)

## –:: वित्तीय बिड़ ::–

1. कार्य का नाम :– नगर निगम कोटा दक्षिण क्षेत्र में नगरीय परिवहन सेवा के स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित बस क्यू शेल्टर (BQS) में विज्ञापन प्रदर्शन कार्य
2. कार्य की अवधि :– कार्यादेश से एक वर्ष हेतु
3. अनुमानित न्यूनतम बोली राशि :– प्रत्येक साईटों के लिए अलग–अलग संलग्न सूची अनुसार।
4. वित्तीय बिड़ खोलने की तिथि :– तकनीकी बिड की प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत।
5. निविदादाता का नाम व स्थाई पता मय फोन नं0 :– ........................................
6. निविदादाता द्वारा अंकित दर :–

| क्र.सं. | बस क्यू शेल्टर (BQS) साईट का नाम | प्रस्तावित दर राशि रू. में प्रत्येक साईट के लिए अलग–अलग | |
|---|---|---|---|
| | | अंको में | शब्दों में |
| 1 | सीएडी सर्किल साइड नं. 1 | | |
| 2 | खडे गणेश जी साइड नं. 1 धरणीधर चौराहा | | |
| 3 | न्यू मेडिकल कॉलेज सर्किल साइड नं. 1 | | |
| 4 | कॉमर्स कॉलेज साइड नं. 1 | | |
| 5 | महावीर नगर तृतीय 1 दण्डवीर हनुमान मन्दिर के पास | | |
| 6 | घटोत्कच सर्किल साइड नं. 1 | | |
| 7 | गोबरिया बावडी साइड नं. 1 | | |
| 8 | ईएसआई हॉस्पिटल 1 | | |

मैं संलग्न शर्तो/निर्देशो को भली–भांती अध्ययन कर लिया है, मैं उक्त शर्तो से सहमत हूँ एवं पालन करूगां।

**हस्ताक्षर संवेदक**

**नामः–** ........................................

**पिता का नामः–** ........................................

**पूर्ण पताः–** ........................................

**मो0नं0 :–** ........................................

# कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज0)

## कोटा नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत बस शेल्टर पर ग्लो साईन बोर्ड/नियोन साईन बोर्ड/फ्लैक्स विज्ञापन हेतु (वर्ष 2025–26) एक वर्ष के लिए लाईसेंस की शर्ते

1. निविदा कार्य आदेश से वित्तीय वर्ष 2025–26 एक वर्ष के लिये ठेका मान्य रहेगी।
2. **सफल संवेदक द्वारा स्वीकृत ठेका राशि एक मुश्त जीएसटी सहित 30 दिवस में निगम कोष में डी0डी0 द्वारा जमा करानी होगी। तत्पश्चात् ही उक्त कार्य की अनुमति हेतु कार्यादेश जारी किया जावेगा। ऐसा नही होने पर ठेका निरस्त कर दिया जावेग। जिसमें किसी भी तरह की कोई अभ्यावेदन/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वंय संवेदक की होगी।**
3. संवेदक को अपने बैंक खाते की सत्य प्रतिलिपि, पिछले छः महिनो का बैंक स्टेटमेन्ट व आधार कार्ड अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा साथ ही पिछले दो वर्षो **2022–23 व 2023–24** का आयकर रिर्टन की प्रति संलग्न करनी होगी।
4. सफल संवेदक को बिड राशि की 5 प्रतिशत राशि परफॉरमेन्स गारण्टी डी.डी. द्वारा जमा करवानी अनिवार्य होगी।
5. निविदा में निविदा शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि के डी.डी. अलग–अलग लिफाफे में जमा करावें।
6. ऑडिट द्वारा निकाली गई बकाया राशि भी फर्म को जमा करानी होगी।
7. प्रत्येक बस शेल्टर पर सूची अनुसार चिन्हित स्थानों पर ही विज्ञापन प्रदर्शन मान्य होगा अन्य स्थान व शेल्टर की छत पर विज्ञापन करता पाए जाने पर ठेका निरस्त कर दिया जावेगा। साथ ही संवेदक की जमा राशि जब्त करली जावेगी।
8. निविदा अनुसार निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस के पे–ऑर्डर निर्धारित तिथि को कार्यालय समय में संलग्न करना होगा।
9. निविदा टेण्डर की समस्त राशि डी.डी. द्वारा ही स्वीकार्य होगी अन्यथा नही।
10. कियोस्क संचालन का ठेका ऑनलाईन पद्वति से किया जावेगा। निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता/फर्म/कम्पनी/संस्था को अपने बैंक खाते की सत्य प्रतिलिपि, विगत छः महिने का बैंक स्टेटमेंट, आधार कार्ड की प्रति, पेन कार्ड की प्रति, तथा दो वर्षो **2022–23 व 2023–24 के** आयकर रिटर्न की प्रति लगाना अनिवार्य है।
11. ठेका अवधि समाप्ति से पूर्व ठेका निरस्त करने का अधिकार प्रशासन नगर निगम कोटा दक्षिण में निहित होगा।
12. समस्त निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा।

South Bus Shelter & Kiyosk Vigyapan Nivida 2025-26.28

13. स्वीकृत निविदादाता को निविदा में ली गई किसी भी साईट को लाईसेंस अवधि के दौरान छोड़ने एवं परिवर्तन करने का अधिकार नही होगा और ना ही इसके लिये किसी तरह का आवेदन स्वीकार होगा।

14. निगम द्वारा स्वीकृत साईट स्थल को ही अधिकृत साईट स्थल माना जायेगा।

15. राज्य सरकार, जिला कलेक्टर, निगम आयुक्त के आदेश पर फर्म की साईटों पर 15 दिवस के लिए (अलग–अलग दिवसों के लिए) निशुल्क विज्ञापन प्रचार–प्रसार करना अनिवार्य होगा। ऐसा नही करने पर फर्म के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

16. अनुज्ञाधारी को शेल्टर पर लगे विज्ञापन स्ट्रेक्चर स्वीकृत किये गये माप से अधिक लम्बाई व चौड़ाई के विज्ञापन पट्ट लगाने की अनुमति नही है यदि जांच में ऐसा पाया गया तो उक्त साईड अवैध मानकर बिना कोई पूर्व सूचना दिये हटवाकर जप्त की जा सकेगी एवं इसका समस्त खर्चा अनुज्ञाधारी को देना होगा। इस प्रकार के कार्य से होने वाले नुकसान हेतु अनुज्ञाधारी स्वंय जिम्मेदार होगा।

17. विज्ञापन बोर्ड लगाने पर बस शेल्टर को किसी भी प्रकार की क्षति होने पर क्षतिपूर्ति संवेदक को करनी होगी।

18. विद्युत कनेक्शन स्वयं के स्तर पर लेना होगा। संविदा अवधि समाप्त होने पर चुकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

19. विज्ञापन बोर्ड नगर निगम कोटा दक्षिण के अधिकारियों के दिशा–निर्देशों के अनुरूप लगाने होंगे।

20. तकनीकी बिड प्रपत्र पर स्वःहस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज का फोटो निर्धारित स्थान पर चिपकाना होगा।

21. स्थाई अंकित पते की स्वःप्रमाणित प्रति जिसकी पुष्टि स्वरूप नल, बिजली, टेलिफोन, मतदाता सूची, ड्राईविंग लाईसेंस में से एक की प्रति तथा पेन कार्ड की प्रति ऑन लाईन प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

22. आयकर प्रमाण–पत्र, कम्पनी/फर्म/संस्था/व्यक्ति के अधिकृत प्रतिनिधि का अधिकार पत्र (Power of Attorney) एवं आई0डी0 की स्वःप्रमाणित फोटो प्रति ऑन लाईन प्रस्तुत करनी होगी।

23. राजकीय विज्ञापन हेतु आवश्यकता होने पर प्राथमिकता के आधार पर विज्ञापन प्रदर्शन निशुल्क करना होगा।

24. विज्ञापन पट्ट पर अश्लील एवं आपत्तिजनक विज्ञापन को प्रदर्शित नही किया जा सकेगा एवं बिजली कनेक्शन व बिल का वहन लाईसेंसधारी को स्वंय वहन करना होगा।

25. संवेदक का यह दायित्व होगा कि वह विज्ञापन पट्ट की देखभाल व निगरानी स्वंय अपने खर्चे से करेंगा। किसी भी दुर्घटना एवं जनहानि के लिये अनुज्ञापत्रधारी ही उत्तरदायित्व होगा। नगर निगम कोटा दक्षिण की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

26. नीलामी की अन्तिम बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर निगम कोटा दक्षिण को होगा तथा उसका कारण बताया जाना आवश्यक नही होगा।

27. इन शर्तो में परिवर्तन एवं संशोधन करने का अधिकार नगर निगम कोटा दक्षिण को होगा। संशोधन/परिवर्तन सभी अनुज्ञापत्रधारीयों को मान्य होगा।

28. इस अनुज्ञापत्र के सम्बन्ध में कोई विवाद पक्षकारों के मध्य उठता है तो उसका क्षेत्राधिकार कोटा स्थित सक्षम न्यायालय होगा।

29. लाईसेंस की शर्तो के सम्बन्ध में कोई विवाद यदि पक्षकारों के मध्य होगा तो उसका अन्तिम निर्णय आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण का होगा।

30. केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर लगाये गये समस्त प्रकार के कर संवेदक से ही वसूल किये जायेगें।

31. अनुज्ञापत्रधारी उपरोक्त शर्तो की पालना करने के लिये बाध्य होगा एवं किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर अनुज्ञापत्रधारी का अनुज्ञापत्र आयुक्त (लाईसेंस अथोरिटी) द्वारा निरस्त किया जा सकेगा।

32. स्वीकृत निविदादाता को निर्धारित राशि के स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र अपने खर्चे पर निष्पादित करना होगा।

33. निविदा के लिये रिस्क एण्ड कोस्ट नियम तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम लागू होगें।

34. समस्त प्रकार के विज्ञापन पट्ट एवं उन पर लगे विज्ञापन के निरीक्षण का अधिकार आयुक्त, उपायुक्त राजस्व, राजस्व अधिकारी एंव राजस्व निरीक्षक का होगा।

35. अनुज्ञा पत्रधारी को उपरोक्त सभी शर्तो या किसी भी एक शर्त का उल्लंघन करने पर अनुज्ञा पत्र निरस्त कर राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत् कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

36. निविदा के सम्बन्ध में सर्वाधिकार नगर निगम कोटा दक्षिण में सुरक्षित रहेगें।

37. उक्त शेल्टर पर बने कियोस्क पर किसी तरह का कोई भी अधिकार संवेदक का नही होगा।

38. **तकनीकी बिड में वांछित दस्तावेज स्वंय सूचीबद्ध कर संलग्न करें।**

**उपायुक्त राजस्व**
**नगर निगम कोटा (दक्षिण)**

उपरोक्त निविदा की समस्त शर्तो को मैंने भली भांति अध्ययन कर लिया है और मैं निविदा की समस्त शर्तो से पूर्णतः सहमत हूँ और पालना के लिये बाध्य हूँ।

**हस्ताक्षर आवेदक/प्रोपराईटर**

**नाम**......................................................
**पिता का नाम**..............................................
**पता**.......................................................
.............................................................
.............................................................
**फर्म/ऐजेन्सी का नाम**.....................................
.............................................................
**पूर्ण पता**..................................................
.............................................................
**मोबाईल नं0**...............................................

# कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी०ए०डी० सर्किल, कोटा

Website : www.kotamc.org, Email : nnksouth@gmail.com,


आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांकः– ननि (दक्षिण) को/उपा.रा./2025/ दिनांकः–

## नगर निगम कोटा दक्षिण में स्थापित Advertisment Panel की सूची

| क्र.सं. | बस क्यू शेल्टर साईट का स्थान | बस क्यू शेल्टर पर विज्ञापन प्रदर्शन लाईसेंस के लिए Advertisment Panel का विवरण | | आरक्षित राशि रू. में | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नाप | संख्या | | |
| 1 | सीएडी सर्किल साइड नं. 1 | 2 m. x 1.26 m. | 4 | 93170 | 1863 |
| | | 1.6 m. x 1.26 m. | 1 | | |
| 2 | खडे गणेश जी साइड नं. 1 | 2 m. x 1.26 m. | 4 | 84700 | 1694 |
| | धरणीधर चौराहा | 1.6 m. x 1.26 m. | 1 | | |
| 3 | न्यू मेडिकल कॉलेज सर्किल साइड नं. 1 | 2 m. x 1.26 m. | 4 | 84700 | 1694 |
| | | 1.6 m. x 1.26 m. | 1 | | |
| 4 | कॉमर्स कॉलेज साइड नं. 1 | 2 m. x 1.26 m. | 4 | 84700 | 1694 |
| | | 1.6 m. x 1.26 m. | 1 | | |
| 5 | महावीर नगर तृतीय 1 | 1.98 m. x 1.26 m. | 4 | 84700 | 1694 |
| | दण्डवीर हनुमान मन्दिर के पास | 1.6 m. x 1.26 m. | 1 | | |
| 6 | घटोत्कच सर्किल साइड नं. 1 | 1.98 m. x 1.26 m. | 4 | 84700 | 1694 |
| | | 1.6 m. x 1.26 m. | 1 | | |
| 7 | गोबरिया बावडी साइड नं. 1 | 1.98 m. x 1.26 m. | 4 | 84700 | 1694 |
| | | 1.6 m. x 1.26 m. | 1 | | |
| 8 | ईएसआई हॉस्पिटल | 1.98 m. x 1.26 m. | 4 | 84700 | 1694 |
| | | 1.6 m. x 1.26 m. | 1 | | |
| | | कुल योग | | 686070 | 13721 |

उपायुक्त राजस्व
नगर निगम कोटा दक्षिण